हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 1 मई 2024
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 36.2 डिग्री

4
लैब में इक्यूपमेंट की कमी, मेकाहारा में 2 माह से अटकी बायोप्सी रिपोर्ट



## खबर संक्षेप

### ज्वेलर्स दुकान से युवक ने पार की सोने की चेन

**अम्बिकापुर।** जेवर दुकान संचालक को ग्राहक बनकर आए युवक ने न सिर्फ बातों में उलझाया बल्कि सोने की चैन खरीदने के बहाने दुकान से लगभग 1 लाख से अधिक कीमत का चैन पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बरेजपारा निवासी विशाल सोनी आ. स्व. नंद किशोर सोनी (30 वर्ष) देवीगंज रोड में ज्वेलर्स दुकान का संचालन करता है। शनिवार की दोपहर दुकान में था । इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति खरीदारी करने पहुंचा और सोने का चैन दिखाने को कहा। संचालक सोने का चैन दिखाने लगा तभी अज्ञात व्यक्ति दुकान संचालक को बातों में कुछ देर तक उलझाए रखा फिर लगभग 1 लाख से अधिक कीमत के सोने का चैन लेकर चला। चैन चोरी होने की जानकारी दुकान संचालक को तब लगी जब सोने का चैन मिलान किया तो एक चैन गायब था। संचालक ने दुकान में रखे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा तो अज्ञात व्यक्ति सोने का चैन चोरी करते नजर आया। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बस की टक्कर से महिला घायल, किया गया रिफर

**राजपुर।** सोमवार को बस की चपेट में आने से एक वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल वृद्धा को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम सिधमा घुटरापारा निवासी 60 वर्षीया करमतिया पति रामलाल आज सुबह घर से छठी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम ठरकी जा रही थी। राजपुर बस स्टैंड में महिला कुछ सामान लेने के लिए रुकी थी। इसी बीच सुबह 10 बजे रणबीर बस रणबीर ने महिला को चपेट में लिया। बस की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसके बाद उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। एक साथ अपचारी समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही अब पुनः एक युवक को पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में उपयोग किए गए मोबाइल फोन व सिम कार्ड को बरामद किया है। बता दें कि सरगुजा में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं व बच्चों की अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने व वायरल करने के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं अब पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में शहर के सदर रोड कदम्मी चौक निवासी 28 वर्षीय अभिषेक गुप्ता को पकड़ा गया है। पुलिस ने युवक के मोबाइल फोन व सिमकार्ड को जब्त कर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 (1) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### पुलिस की धौंस दिखा किया युवकों से मारपीट

**अम्बिकापुर।** बाइक में हल्का टक्कर लग जाने पर बाइक सवार ने दो युवकों को पुलिस का धौस दिखा जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से घायल हुए युवकों ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। प्रतापपुर समीप निवासी काशीनाथ राजवाड़े बीती रात मामा ससुर को प्रतापपुर नाका के समीप छोड़ने बाइक से जा रहा था। जैसे ही दोनो बौरीपारा देशी शराब दुकान के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से हल्का से टकरा गए। इसी दौरान पुलिस लिखे बाइक सवार ने पुलिस की धौंस दिखाते हुए दोनों की जमकर पिटाई कर दी।

वाहन छोड़कर चालक फरार

# पिकअप ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, 3 घायल


घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

क्षेत्र के ग्राम पंचायत फरसाटोली में डीजे लोड पिकअप क्रमाक सीजी 13 यूजी 3381 ने सामने से आ रहे बाइक सावर को जोरदार टक्कर मारी।

हादसे में एक 8 साल की मासूम सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमे एक 8 साल की मासूम बच्ची की पैर टूट गया साथ ही बाइक चालक प्रदीप कुमार व पीछे बैठे शकर मुंडा को भी गभीर चोट आई है। जिनका इलाज कोतबा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है। बाइक चालक प्रदीप व उसके साथी जामटोली से खमगड़ा जा रहे थे उसी द्वरान सामने की ओर से तेज रफ्तार व ओवर लोड पिकअप आ रही थी। कोतबा एसआई समरेंद्र सिंह मामले में वाहन एफआईआर दर्ज कर लिया गया है घायलो को स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करा दिया गया है फरार पिकअप चालक की पता तालाश की जा रही है।

## नहीं रुक रही सड़क दुर्घटना

**जशपुरनगर।** पांच दिन पहले 26 अप्रैल शुक्रवार को हरिभूमि ने लगातार हो रही सड़क दुर्घटना, जिम्मेदार कौन शीर्षक पर प्रमुखता से खबर छापी थी। मंगलवार को सुबह के समय फिर सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना में दो बाइक सवार युवक नदीम और रबूल जो की गम्हरिया स्थित राजा गैरेज में मैकेनिक का काम करते थे तेज रफ्तार से गम्हारिया की ओर जा रहे थे। कल्याण आश्रम हॉस्पिटल के पास सड़क पर लगे बेरीकेट से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक की रफ्तार इतनी ज्यादा थी ओर टक्कर इतनी जबरजस्त थीं की बाइक सवार दोनो युवक उछल कर बहुत दूर जाकर गिरे जिससे उनके सिर और शरीर के बाकी हिस्सों में गंभीर चोटें आई है। दोनों को जिला अस्पताल में प्राथमिक चिकित्सा के बाद रांची रेफर किया गया है। डाक्टरों का कहना है की दोनो युवकों को गंभीर चोटें आई है। एक युवक की स्थिति नाजुक है।

■ फिर दो युवक हुए गंभीर रूप से घायल




सभा स्थल का जायजा लेती विधायक रायमुनी भगत।

# पंडरा पाठ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को मुख्यमंत्री की जनसभा पंडरापाठ में होगी। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के तरफ से सभी व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री बनने के बाद विष्णुदेव बुधवार को पहली बार पंडरापाठ पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री यहां भाजपा द्वारा आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हेलीकॉप्टर से बुधवार की दोपहर 12.30 बजे पहुंचेंगे और कार से देव संस्कृति ग्राउंड पहुंच आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह जनसभा दोपहर 1.30 बजे तक चलेगा, जिसके उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 1.30 से 1.50 तक कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और हेलीकॉप्टर के माध्यम से 1.50 बजे सीतापुर के लिए रवाना होंगे। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम स्थल पर पहुंच तैयारी का जायजा लिये। यहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सहित गर्मी को देखते हुवे सभी व्यापक तैयारी पूर्ण कराई जा रही है। आम जनों के लिए पानी की समुचित व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यापक इंतजाम यहां किए जा रहे हैं। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, महामंत्री भरत सिंह और मुकेश शर्मा, ओमप्रकाश सिन्हा, कृपाशंकर भगत, राहुल गुप्ता, दीपू मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

■ भाजपा की ओर से की जा रही व्यापक तैयारी

## मंत्रणा सभा कक्ष में कमांड सेंटर किया जाएगा स्थापित

**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 मतदान दिवस के दिन मॉनिटरिंग करने के लिए कलेक्ट्रेट स्थित मंत्रणा सभा कक्ष में कमांड सेंटर के रूप में स्थापित किया जा रहा है। मतदान दिवस के दिन कमांड सेंटर से प्रत्येक गतिविधियों पर निगरानी एवं नजर रखी जाएगी। इस तैयारी हेतु जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार की उपस्थिति में ई जिला प्रबंधक श्री निलंकार बासु ने ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी कर्मचारियों को कमांड सेंटर में संचालित करने के लिए विभिन्न विषय वस्तुओं पर प्रशिक्षण दिया। मतदान दिवस के दिन प्रत्येक 2 घंटे की रिपोर्टिंग, मतदान केंद्रों में किए जाने वाले वेब कास्टिंग, मीडिया मॉनिटरिंग, ईवीएम की तकनीकी समस्या की निगरानी करने संबंधी जानकारी दी गई। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने सभी अधिकारी कर्मचारियों को कमांड सेंटर में सॉफ्टवेयर के कार्यों को समझ कर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने रिपोर्टिंग प्रारूप, शैडो एरिया से जानकारी लेना, वेब कास्टिंग वाले मतदान केंद्र में आवश्यक व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

■ मतदान के दिन कमांड सेंटर से प्रत्येक गतिविधियों पर रखी जाएगी नजर


बैठक में जानकारी देते अधिकारी।


## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले के थाने में एक ग्राम की 34 प्रार्थिया ने 28 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 अप्रैल के दोपहर में यह अपनी 14 वर्षीय पुत्री को अपने खेत-बाड़ी में लगे फसल को देख-रेख करने हेतु भेजी थी, जो शाम-रात तक वापस नहीं आई। उसकी पुत्री 19 अप्रैल को प्रातः में वापस घर आई और गुमशुम रहने एवं स्वास्थ्य खराब रहने पर प्रार्थिया द्वारा पूछताछ करने पर बताई कि 17 अप्रैल को उक्त खेत बाड़ी के पास 03 व्यक्ति एक मोटर सायकल में आए और बहला-फुसलाकर जबरदस्ती साथ में बैठाकर दूसरे गांव में ले जाकर रात्रि में एक घर-कमरा में रखे। उन व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया। शेष 2 व्यक्ति कमरा के बाहर पहरा दे रहे थे। 18 अप्रैल को भी दुष्कर्म करने वाला व्यक्ति नाबालिग बालिका को अपने साथ में रखा था। रात्रि करीबन 12 से 1 बजे के बीच वह व्यक्ति अपने साथी के साथ मोटर सायकल से पीड़ति को उसके घर के बाहर पहुंचा कर वहां से चल दिया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अभियुक्तगणों के विरूद्ध धारा 363, 366(क), 376(डी), 342, 368 एवं 5, 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये थे, टीम में महिला अधिकारियों को भी सम्मिलित किया गया था। टीम द्वारा अलग-अलग ठिकानों पर दबिष देकर सभी अभियुक्तों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किये एवं मेमोरंडम कथन में घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया है। आरोपीगण 1-सोहित राम उम्र 24 साल एवं 2-हेमंत राम उम्र 18 साल 04 माह को 29 अप्रैल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में ⏭ शेष पेज 4 पर

## बाहर गए मजदूरों को पोस्टकार्ड के माध्यम से मतदान के लिए भेजा गया आमंत्रण




**जशपुरनगर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल के द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है। स्वीप के नोडल अधिकारी और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने जिले के ग्राम पंचायतों से बाहर गए व्यक्तियों को विभिन्न माध्यमों से लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को मतदान केंद्र आकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। अबकी बार जनपद पंचायत कुनकुरी के ग्राम पंचायतों से बाहर गए 987 मजदूरों को पोस्टकार्ड के माध्यम से मतदान करने के लिए आमंत्रण भेजा गया है। जनपद पंचायत कुनकुरी के सीईओ केके श्रीवास के द्वारा दिल्ली में रह रहे 103 मजदूरों, हैदराबाद के 72, केरल के 98, पंजाब के 97, मुंबई के 93, गुजरात के 88, झारसुगुड़ा के 38, बेंगलुरु के 71, अंडमान के 95, गोवा के 49 और चेन्नई में रह रहे 103 मजदूरों को पोस्टकार्ड भिजवाया गया है। आमंत्रण पत्र में 'भेज रहे हैं आज पत्र, मतदाता तुम्हें बुलाने को , 7 मई को भूल न जाना, वोट डालने आने को।' और 'आईए मतदान करें, देश के जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं। ' जैसे स्लोगन का उल्लेख किया गया है।

■ जिले से 987 मजदूर पंजाब केरल, उडीसा सहित कई राज्यों में गए हैं कमाने

## प्राथमिक शाला छिंदबहरी में 10 दिवसीय समरकैंप का आयोजन

**पत्थलगांव।** प्राथमिक शाला छिंदबहरी में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित होते ही बच्चों की उत्सुकता को देखते हुए 10 दिवसीय समरकैंप का आयोजन किया जा रहा है। समर कैंप में बच्चों को विभिन्न प्रकार की शैक्षणिक और ज्ञानवर्धक गतिविधियां, खेल, नृत्य, गीत संगीत, आर्ट कुकिंग जैसी गतिविधियां सिखाए जा रहे हैं। शाला समिति व माताओं द्वारा बीच-बीच में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। घर पर यह सब सिखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया,कि जरूरत पड़ने पर घर में बड़ी बहन,माता-पिता व दोस्तों से फोन के माध्यम से सहायता लेकर भी सिखा जा सकता है। कार्यक्रम का आयोजन FlN और नवाजतन के उद्देश्य को ध्यान में रखकर भी किया गया है। नवाजतन के तहत बच्चों को स्वयं से सीखने के लिए प्रेरित भी किया है स्वयं से भी आप सीख सकते हो यह आत्मविश्वास उनमें लाने की कोशिश की गई। मिट्टी के खिलौने बच्चों ने स्वयं से बनाए, कागज के खिलौने, चाय, पकौड़े, रंगोली गुड़िया, गत्ते और बांस का घर ये सब बच्चों ने स्वयं से बनाया इन्हीं का उदाहरण देकर बताया गया कि जब ये सब आप अपने से कर सकते हैं तो पढ़ाई भी कर सकते हैं। सभी बच्चों को अगले कक्षा की पाठ्य-पुस्तक भी बच्चों से उनकी पुरानी पुस्तकें लेकर उपलब्ध कराई गई। जिससे बच्चे ग्रीष्मकालीन अवकाश में खेल के साथ साथ शिक्षा से भी जुड़े रहें। जितने पालकों के पास एंड्रॉयड फोन है। उनको व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया गया है और यह बताया गया है ⏭ शेष पेज 4 पर


समरकैंप में शामिल बच्चे।

## मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को द्वितीय चरण का दिया गया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जशपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु नियुक्त मतदान दल के 545 अधिकारी-कर्मचारियों को महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय जशपुर में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01 से 03 तक शामिल थे। प्रशिक्षण हेतु उपस्थित सभी कर्मी पत्थलगांव एवं कुनकुरी विधानसभा क्षेत्र से हैं। प्रशिक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं जशपुर एसडीएम श्री प्रशांत कुशवाहा ने मतदान दल के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन संबंधी जानकारी देते हुए ⏭ शेष पेज 4 पर


प्रशिक्षण प्राप्त करते अधिकारी- कर्मचारी।

पुलिसिंग में कसावट लाने एसपी ने दिए जिले के सभी थानों को निर्देश

# पुलिस की कांबिंग गश्त, चलाया गया विशेष अभियान

**जशपुरनगर।** 29-30 अप्रैल की रात्रि एसपी शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देश पर जिले के समस्त थाना व चौकी अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि 10 बजे से प्रातः 05 बजे तक कांबिंग गश्त चलाया गया। गश्त में संबंधित अनुविभाग के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भी शामिल रहे। गश्त में रवाना करने के पूर्व सभी को बारिकी से ब्रीफ किया गया। इस दौरान जिले में 500 से अधिक अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा एक साथ अभियान चलाया गया। चेकप्वाइंट तथा गश्त दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा प्रत्येक वाहनों की बारीकी से जांच कर आवागमन के कारण के साथ उनके आने-जाने का कारण एवं पहचान पत्र की तस्दीक गया, इस दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर वैधानिक कार्यवाही किया गया है। जशपुर अनुविभाग के थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा 107, 116(3) के तहत-38, चौकी मनोरा द्वारा 04, चौकी आरा-01, थाना आस्ता-15, थाना दुलदुला-10 कुल-68 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा धारा 151 में 02, धारा 109 सीआरपीसी के तहत 24 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना आस्ता द्वारा आबकारी एक्ट के तहत कुल 03 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा अवैध रूप से तलवार लेकर डराने-धमकाने के मामले में आर्म्स एक्ट के तहत 04 प्रकरणों में आरोपी 1-कुणाल गुप्ता उम्र 32 साल निवासी सरनाटोली जशपुर, 2-निजाम खान उम्र 30 साल निवासी चीरबगीचा, 3-विनीत एक्का उम्र 27 साल निवासी करमटोली गिरांग, 4-अनुज प्रधान उम्र 34 साल निवासी खरसोता के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। थाना लोदाम द्वारा नशीली दवा का झारखंड तरफ से तस्करी करते आ रहा आरोपी नौशाद खान उम्र 26 साल निवासी साईंटांगरटोली के कब्जे से 50 नग कोरेक्स सिरप एवं 400 नग कैप्सूल कीमती 11 हजार रूपए एवं मोटर सायकल जप्त कर उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। कुनकुरी अनुविभाग के थाना कुनकुरी द्वारा 01 स्थाई वारंट, 107, 116(3) के तहत-51, थाना तपकरा द्वारा 08, धारा 109 सीआरपीसी के तहत थाना कुनकुरी 35 प्रकरण, थाना तपकरा ⏭ शेष पेज 4 पर

■ प्रत्येक वाहनों की बारिकी से की गई जांच


वाहन चेकिंग करती पुलिस।

## कबाड़ गोदामों में पुलिस ने दी दबिश 200 किलो लोहे का कबाड़ जब्त

**अम्बिकापुर।** सरगुजा पुलिस ने कबाड़ व्यवसाय की आड़ में चल रहे अवैध कारोबार के मामले में कार्रवाई की है। तीन ने शहर में संचालित संचालित तीन कबाड़ गोदामों में छापेमार कार्रवाई कर 200 किलो लोहा व 17 नग बैटरी को जब्त किया है। टीम द्वारा मामले में जांच की जा रही है। बता दें कि शहर में संचालित कबाड़ गोदामों में चोरी का सामान खपाने की सूचनाएं लगातार पुलिस को मिल रही थी। ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज शहर के बंगाली चौक रिंग रोड स्थित संतोष जायसवाल के कबाड़ दुकान, नमनाकला स्थित कबाड़ गोदाम सहित अन्य स्थानों पर दबिश दी गई। इस कबाड़ दुकान व गोदाम में जांच के दौरान संतोसज जायसवाल व नमनाकला स्थित कबाड़ गोदाम के संचालक अनिल कुमार गुप्ता से पूछताछ की गई। जांच के दौरान संचालक बरामद किए गए संदेहास्पद कबाड़ को लेकर आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं कर पाए ऐसे में टीम द्वारा धारा 102 के तहत गोदाम से 200 किलो लोहा का कबाड़ व 17 नग बैटरी को जब्त कर लिया है और मामले की जांच चल रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी गांधीनगर अश्वनी सिंह, सउनि कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक विजय रवि, संतोष कश्यप, आरक्षक चंचलेश सोनवानी, ऋषभ सिंह, पवन यादव, पंकज लकड़ा, दीपक दास शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### मकान में चोरी, स्वर्णाभूषण सहित हजारों का माल पार

**कोरबा।** कुसमुण्डा थाना क्षेत्र के क्वा.नं. बी-49 विकास नगर कुसमुण्डा निवासी दशरा एसईसीएल कुसमुण्डा में सफाई निरीक्षक के पद पर कार्य करता है। 29 अप्रैल की सुबह 7 बजे से वह अपनी डयूटी पर जी.एम. आफिस कुसमुण्डा गया था। दशरा के बच्चे 28 अप्रैल को अपने निजी कार्य से भिलाई गये थे। उन्हे वापस लाने के लिए करीब 12 बजे दशरा अपने कार्यालय से वापस घर गया घर के आंगन में मोटर सायकल को छोड़कर आटो में कोरबा रेल्वे स्टेशन गया। घर में ताला बंद था। कोरबा से करीबन 2:10 बजे अपने परिवार संहित वापस घर आया तब दशरा व उसके परिजन ताला खोलकर घर के अंदर गये तो देखे बेडरूम का आलमारी खुला हुआ था। कपड़ा, पर्स, वगैरह बिखरा हुआ है। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आलमारी में रखे सोने के जेवरात दो नग अंगूठी, एक नग चैन, एक जोड़ी लटकन एवं नगदी रकम 10 से 12 हजार रूपये को चोरों ने पार कर दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांव शुरु कर दी है।

### कोरबा एरिया में विश्व दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** एसईसीएल क्षेत्रीय मुख्यालय कोरबा क्षेत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के अवसर पर आरके गुप्ता महाप्रबंधक (संचालन), एसईसीएल कोरबा क्षेत्र द्वारा सुरक्षा ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत कोल इंडिया के कारपोरेट गीत का समवेत स्वर में गायन किया गया। कोल इंडिया के चेयरमैन का संदेश को सुनाया गया। इस अवसर पर समस्त अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी कर्मचारियों को सुरक्षा बैज लगाया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि कोल इंडिया में कोयला उत्पादन का कार्य चुनौती पूर्ण है। जहाँ प्रति दिन शून्य दुर्घटना का लक्ष्य के साथ उत्पादन करते है। सुरक्षा के लिए हमेशा सतर्क रहना पड़ता है। आज का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा व स्वास्थ्य को बढ़ावा देना है। जिससे कि प्रत्येक कर्मचारी अपने सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सके। मानिकपुर कोरबा क्षेत्र के कामगारों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के द्वारा कामगारों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभी खानों में सुरक्षा ध्वज फहराकर सुरक्षा व स्वास्थ्य के प्रति शपथ ली गई। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी इस्माईल कुरेशी द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### सरस्वती उमावि का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**कोरबा।** सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा में मुख्य अतिथि शंकरलाल टमकोरिया कोषाध्यक्ष सरस्वती शिक्षा समिति कोरबा के मुख्य आतिथ्य में एवं योगेश कुमार गोयल, प्रबंधकारिणी सदस्य, सरस्वती शिक्षा समिति, कोरबा की अध्यक्षता में स्थानीय परीक्षा के परीक्षाफल घोषणा एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्राचार्य विद्यानंद पाण्डेय ने अतिथिगणों का परिचय प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सभी भैया/बहिनों को परीक्षाफल की बधाई दी और कहा कि परीक्षा बहुत कठिन चीज है जिसमें उत्तीर्ण होना उससे भी बड़ी चीज है। जिन भैया/बहिनों ने कठिन परिश्रम करके आज अच्छी सफलता प्राप्त की है इन्हें बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री गोयल ने कहा कि पढ़ाई एक समान होती है तथा मेहनत भी सभी विद्यार्थी करते हैं लेकिन प्रथम कोई एक ही आता है इसका कारण है कि वह सबसे हटकर कुछ अलग ही करता है।

### डाक मतपत्र मतदान सुविधा केंद्र का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने सोमवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान कोरबा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के मतदान हेतु बनाए गए सुविधा केंद्र का निरीक्षण कर डाक मतपत्र द्वारा किए जा रहे मतदान प्रक्रिया का अवलोकन किया। प्रेक्षक श्री मीणा ने डाक मतपत्र द्वारा मतदान के संबंध में दूसरे जिलों में भी सूचना प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिससे अन्य जिलों में पदस्थ कोरबा संसदीय क्षेत्र के रहने वाले अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित तिथि तक डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकें। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर गौतम सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### सुरक्षित ढंग से फाटक पार करने दिया गया परामर्श

**कोरबा।** समपार फाटक पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क उपयोगकर्ताओं में सुरक्षित समपार फाटक पार करने के दौरान ली जाने वाली सावधानियों एवं नियमों के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न विभागों के समन्वय के साथ मंडल संरक्षा विभाग द्वारा 22 अप्रैल से 1 मई तक 10 दिनों का विशेष संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संरक्षा सलाहकारों, नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों, स्काउट-गाइड तथा विभिन्न विभागों के पर्यवेक्षकों तथा रेलवे सुरक्षा बल के सदस्यों द्वारा विभिन्न समपार फाटकों में राहगीरों तथा फाटक के आसपास के गाँवों के नागरिकों को संरक्षा जागरूकता से संबन्धित पम्पलेट देकर संरक्षा नियमों का पालन करते हुये सुरक्षित ढंग से फाटक पार करने का परामर्श दिया गया।


## जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर पर की गई है डाक मतपत्र की व्यवस्था

# मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डाक मतपत्र से मतदान करने वाले पुलिस विभाग में पदस्थ ओमकार साहू व हबिल एक्का ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्य में उनकी ड्यूटी लगी हुई है। मतदान दिवस 7 मई को निर्वाचन कार्य में व्यस्त रहने के कारण वे पोलिंग बूथ पर जाकर मतदान करने में असमर्थ हैं, इस हेतु उन्होंने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने का विकल्प चयन कर सुविधा केंद्र में आकर मतदान किया है। इसी प्रकार नगर सेना में पदस्थ नागेन्द्र राजपूत व रमेश कुमार कंवर ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी होने के कारण उन्होंने भी अपना महत्वपूर्ण वोट डाक मतपत्र के माध्यम से किया है।

उल्लेखनीय है कि संसदीय क्षेत्र क्रमांक 4 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर कोरबा में स्थापित की गई है। केन्द्र में सुरक्षा बल एवं नगर सेना के मतदान कार्य में नियुक्त अधिकारी कर्मचारी 29 एवं 30 अप्रैल को, मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदन, वाहन चालक हेतु 1 से 6 मई तक, अनिवार्य सेवा श्रेणी मतदाता हेतु 1 से 3 मई प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं।


मतदान दल के कर्मचारी मतदान करते हुए।

इसी तरह शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में सुरक्षा बल एवं नगर सेना अंतर्गत मतदाता 29 एवं 30 अप्रैल को 9 से 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने संबंधित शासकीय अधिकारी कर्मचारी को निर्धारित दिनांक एवं समय पर सुविधा केंद्र में मतदान करने की अपील की है।

### प्रेक्षक और कलेक्टर ने कमीशनिंग कार्य का किया अवलोकन



लोकसभा निर्वाचन को समयबद्धता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने हेतु जिले में निर्वाचन के दौरान उपयोग होने वाले ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट मशीनों का कमीशनिंग सोमवार को झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रारंभ हो गया है। सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने स्ट्रांग रूम में किए जा रहे कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए कमीशनिंग का कार्य संपादित करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत 7 मई को होने वाले मतदान के लिए उपयोग होने वाली मशीनों के विधानसभावार कमीशनिंग के साथ ही सीलिंग का कार्य तेजी से पूरा किया जा रहा है। कमीशनिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। आज विधानसभा रामपुर एवं पाली तानाखार में निर्वाचन कार्यों में उपयोग होने वाले ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग किया जा रहा है एवं शेष विधानसभा कटघोरा एवं कोरबा के लिए उपयोग होने वाले ईवीएम मशीनों का कमीशनिंग 30 अप्रैल को किया जाएगा।

## केन्द्रीय गृहमंत्री शाह का आगमन आज, कौशिक व अमर ने देखी तैयारी


बैठक को संबोधित करते श्री सवन्नी साथ में श्री कौशिक व श्री अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कोरबा संसदीय क्षेत्र में तीसरे चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान होना है। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर सरोज पांडे के प्रचार को मजबूती देने के लिए कटघोरा में 1 मई को दोपहर जनसभा रखी गई है, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह संबोधित करने पहुंचेंगे। भाजपा के लोकसभा संयोजक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक व पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने सोमवार को कटघोरा पहुंचकर सभा की तैयारियों का जायजा लिया और अग्रसेन भवन में पदाधिकारियों से संवाद किया। शाह की सभा को लेकर पदाधिकारियों ने सभी मण्डल प्रभारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। जिले में चुनाव प्रचार के अंतर्गत कई नेताओं का आगमन होना संभावित है। इसी श्रृंखला में गृह मंत्री अमित शाह का कार्यक्रम निश्चित हुआ है। भाजपा ने कटघोरा में गृह मंत्री की सभा करना तय किया है। दोपहर 12 बजे उनकी सभा मेला ग्राउंड में रखी गई है। भाजपा की ओर से ग्राउंड में आम सभा के लिए तैयारी कराई जा रही है। हजारों की संख्या में लोगों के यहां जुटने और गर्मी के मद्देनज़र आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। पानी से लेकर और दूसरी जरूरत की पूर्ति के लिए नेताओं में मंथन किया है। शाह की सभा की तैयारी का जायजा धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, मंत्री लखनलाल देवांगन व विधायक प्रेमचंद पटेल ने लिया।

## डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने किया शीतल पेयजल का शुभारंभ


प्याऊ का शुभारंभ करते लायंस के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही हर क्षेत्रों में विधिया करते आई हैं।

इसी कड़ी में सोमवार को इस चिलचिलाती धूप को देखते हुए नगर के मुख्य मार्ग प्रायमरी स्कूल के बगल में आने जाने वाले राहगीरों के लिए शीतल पेयजल पानी प्याऊ का स्टाल लगाया गया। जिसका शुभारंभ डिस्ट्रिक्ट 3233 सी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ ला शैलेश अग्रवाल रायगढ़ के मुख्य आतिथ्य में विधिवत रिबन काटकर शुभारंभ किया गया क्लब के सचिव आशीष अग्रवाल ने बताया कि क्लब के द्वारा हर वर्ष गर्मी को देखते हुए इस प्रकार के आयोजन किये जाते रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेश अग्रवाल ने बताया कि निश्चित ही पानी पिलाना बहुत ही पुण्य का कार्य होता है। खासतौर पर इस भीषण गर्मी में आने जाने वाले राहगीरों के साथ घर के बाहर जानवरों के लिए व घर की छतों पर पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करनी चाहिए।

## ग्राम पंचायतों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, महिला, पुरुष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

**खास बात**

- रैली, नारा, लेखन, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण आदि गतिविधियां हुई आयोजित

स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत बंजारी में संकुल के नोडल प्राचार्य केएल बरेठ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल के शिक्षक एवं बीएलओ के द्वारा रैली निकालकर ग्रामीणों को शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत मादन में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदान हेतु षपथ ली गई। षासकीय आयुर्वेदिक औषधालय रजगामार में अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीणों ने लोकसभा निर्वाचन में 100 प्रतिशत मतदान करने की षपथ लेकर ग्रामीणों को प्रेरित किया। जनपद पंचायत पोड़ी के ग्राम पचरा में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके तहत महिलाओं ने रंगोली सजाओ, मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता आयोजित करके षत-प्रतिषत मतदान की शपथ ली। इसके साथ ही ग्रामीण महिलाओं एवं पुरूषों ने गांव में रैली निकालकर मतदान के माध्यम से लोकतंत्र मजबूत करने का संदेष दिया। इसी तरह प्राथमिक षाला बंजारी के परिसर में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मेंहदी लगाकर तथा पोस्टर बनाकर अनिवार्य मतदान का संदेष दिया गया। इसके साथ ही गांव में रैली निकालकर षत-प्रतिषत मतदान करने हेतु ग्रामीणों को प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत गंगदेई कटघोरा में स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर षत-प्रतिषत मतदान का संदेश दिया।


मतदाता जागरूकता रैली में शामिल स्कूली छात्र छात्राएं।

### महिलाओं ने रंगोली बनाकर मतदान की ली शपथ

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स के द्वारा विगत दिवस स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत साइकल रैली, दिव्यांग रैली, मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत बतारी में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर अनिवार्य मतदान की षपथ ली गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भिलाई बाजार, ग्राम बिझरी, रामपुर, चंद्रौटी, पोड़ीकला, केसला, बिंझरा, नवागांवकला, कोरबी, परला, पताढ़ी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर षत-प्रतिषत मतदान की शपथ ली गई। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत मोहनपुर में ग्रामीणों के द्वारा सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से स्वस्थ जनतंत्र की है पहचान, सबको शिक्षा और मतदान आदि नारों का दीवार लेखन करके शत-प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया।

## पड़ोसी के हत्यारे युवक को आजीवन कारावास

**कोरबा।** लगभग 4 वर्ष पूर्व दो पड़ोसियों के बीच बकाया राशि को लेकर विवाद हो गया था। जहां एक पड़ोसी ने दूसरे पड़ोसी पर चाकू घोपकर हत्या कर दी थी। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है।मामला बालको थाना क्षेत्र के ग्राम धनगांव की है। यहां निवास करने वाले विसम्भर साय उर्फ केंदा सारथी ने सोसायटी से खरीदी गई चावल को अपने पड़ोसी रामचरण के पास बेच दिया था। इस दौरान रामचरण ने चावल की कुछ राशि अपने पड़ोसी विसम्भर को दे दिया था लेकिन कुछ राशि बकाया बचा हुआ था। कई बार मांगने के बाद भी विसम्भर को रामचरण राशि नहीं दे रहा था। वर्ष 2020 में विसम्भर पुनः अपने पड़ोसी रामचरण के पास राशि मांगने पहुंचा था। जहां बकाया राशि को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया था कि विसम्भर अपने पास में रखे चाकू से रामचरण के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी।

### हत्या के प्रयास के मामले में 7 वर्ष की सजा

पाली थाना क्षेत्र के ग्राम धौराभांठा निवासी होरीलाल द्वारा आहता प्रीति टेकाम के अधिपत्य के निवास गृह में टांगी लेकर हमला करने की तैयारी करके आहता के निवास गृह का दरवाजा तोड़कर प्रवेश कर रात्रो गृहभेदन किया और धारदार टांगी से प्रीति टेकाम को मारकर स्वेच्छा उपहति कारित किया जिससे प्रीति टेकाम के गर्दन व हाथ में चोट लगी थी। इस मामले में पाली पुलिस ने आरोपी होरीलाल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया था और अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में पेश किया था। जहां मामले में आरोपी के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर धारा 307 के तहत आरोपी को 7 वर्ष सश्रम कारावास व 5 सौ रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अति. लोक अभियोजक अशोक आनंद ने की।

## निहारिका क्षेत्र में निकली मतदाता जागरूकता रैली

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन से चलकर निहारिका क्षेत्र मुख्य मार्ग में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली समापन के पश्चात आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा की उपस्थिति में मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई तथा मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का आव्हान मतदाताओं से किया। जिले में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहा है। निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई एवं सीईओ जिला पंचायत संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में सोमवार की सुबह 7 बजे से निगम की स्वच्छता दीदियों एन.यू.एल.एम. की सदस्यों तथा निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सियान सदन से चल कर निहारिका क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। आयुक्त सुश्री ममगाई एवं सीईओ श्री मिश्रा ने रैली में सम्मिलित होकर सभी का उत्साहवर्धन किया तथा मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मताधिकार का उपयोग कर मतदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता विनोद शांडिल्य एवं तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, विनोद नेताम, अरूण बघेल, अरूण मिश्रा सहित निगम की स्वच्छता दीदियाँ, एन.यू.एल.एम. की सदस्याएं तथा अन्य मतदातागण उपस्थित थे।



## फरसवानी सब स्टेशन चार्ज, दो दर्जन गांव को मिलेगी लो वोल्टेज से निजात

**कोरबा।** जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए विद्युत वितरण विभाग द्वारा ग्राम फरसवानी में सब स्टेशन स्थापित किया गया है। सोमवार को सब स्टेशन को चार्ज कर दिया गया है जिससे इस क्षेत्र के लगभग दो दर्जन से अधिक गांव लाभान्वित होंगे और लो वोल्टेज की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि कोरबा ग्रामीण के अंतर्गत आने वाले फरसवानी व उसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से लो वोल्टेज व पावर कट की समस्या थी। विद्युत वितरण विभाग के अफसर ने इस क्षेत्र की समस्या को गंभीरता से लिया था और इस क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर विद्युत आपूर्ति हो सके इसके लिए फरसवानी में सब स्टेशन बनाने के लिए प्रस्ताव मुख्यालय भेजा गया था। मुख्यालय ने सब स्टेशन बनाने की अनुमति दी थी। जिसके बाद लगभग 2 करोड़ की लागत से फरसवानी में सब स्टेशन का निर्माण काम चल रहा था और पिछले ही महीने उसका काम पूरा हो गया था। बताया जाता है कि सोमवार को बिलासपुर संभाग के मुख्य अभियंता ए के धर अपने एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे थे। श्री धर फरसवानी पहुंचे और निर्माणाधीन सब स्टेशन को चार्ज कर दिया गया। जहां इस सब स्टेशन से फरसवानी व उसके आसपास बसने वाले लगभग दो दर्जन से अधिक गांवों को अब फरसवानी सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाएगी और लो वोल्टेज की समस्या अब लगभग ना के बराबर रहेगी। सब स्टेशन चार्ज हो जाने से इस क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी की लहर है।



## पाली स्थित शराब दुकान का मामला, आरोपियों से नकदी रकम सहित पिस्टल जब्त

# तीन गिरफ्तार, जल्द करोड़पति बनने के लिए शराब दुकान में डाली थी डकैती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विगत दिनों पाली स्थित शराब दुकानों में घुसकर पिस्टल की नोक पर लगभग 3 लाख रुपए लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। आखिरकार पुलिस ने लूटपाट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को धरदबोचा है और आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक, पिस्टल, नगदी रकम को जप्त किया है। जल्दी करोड़पति बनने के लिए आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया था।

उल्लेखनीय है कि पाली थाना क्षेत्र में संचालित शराब दुकान में 24 अप्रैल की रात शराब दुकान को बंद करने के दौरान बाइक में सवार होकर तीन युवक पहुंचे थे। जहां शराब खरीदने के बहाने मौके पर पहुंचे थे और मौका पाते ही तीनों युवक शराब दुकान में घुस गए और शराब दुकान में काम करने वाले कर्मियों की कनपटी पर पिस्टल की नोक पर शराब दुकान में रखे लगभग 3 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए थे। लूटेरों की धरपकड़ के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर पुलिस की विशेष दस्ते की टीम व पाली थाना प्रभारी चमन सिन्हा व उनकी टीम मामले की लगातार तस्दीक में जुटी हुई थी। इस बीच थाना प्रभारी निरीक्षक चमन सिंहा को मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सुतर्रा के आसपास देखा गया है। निरीक्षक चमन सिंहा थाना प्रभारी पाली के द्वारा सूचना तस्दीकी के लिए अपनी टीम के साथ मौकास्थल पर पहुंचकर घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 12 बीएन 3396 में सवार व्यक्ति मिला। जिसका नाम पूछने पर उसने अपना नाम सुतर्रा निवासी अंसारी उर्फ बॉबी अंसारी पिता स्व. आजाद अंसारी उम्र 19 साल बताया। जिससे घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म स्वीकार करना तथा जल्दी करोड़पति बनने के लालच में घटना को अंजाम देना बताया। आरोपी के द्वारा पेश करने पर एक घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 बीएन 3396 तथा एक नग अमेरिकन पिस्टल एवं नगदी रकम 60 हजार रुपए (साठ हजार रूपये) समक्ष गवाहों के जप्त किया गया। बाद दो अन्य आरोपी का पता तलाश कटघोरा पूंछापारा में किया गया जो भागने के फिराक में थे तत्काल थाना कटघोरा स्टाफ एवं पाली स्टाफ के द्वारा घेराबंदी कर पूंछापारा निवासी अब्दुल असलम उम्र 27 वर्ष पिता अब्दुल असीम, विजय तिवारी उम्र 20 वर्ष पिता राकेश तिवारी, को पकडा गया जिनके कब्जे से कुल 1 लाख 29 हजार दो सौ रुपए नगदी जप्त किया गया है। कुल नगदी रकम 1 लाख 29 हजार दो सौ रुपए, घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक- सीजी 12 बीएन 3396 तथा घटना में प्रयुक्त एक नग अमेरिकन पिस्टल थाना पाली के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए जप्त किया गया है। आरोपियों को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### शत प्रतिशत मतदान हेतु काम करने आयुक्त ने दिए निर्देश

**कोरबा।** निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने निगम कार्यालय साकेत में जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों व निगम के जोन कमिश्नरों की एक महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए निकायों द्वारा किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों, मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं, आदर्श मतदान केन्द्र की स्थापना सहित विभिन्न निर्वाचन से जुडे. कार्यो की कार्यप्रगति की बिन्दुवार व निकायवार विस्तार से समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन मतदान केन्द्रों एवं क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, वहाँ पर विशेष फोकस रखकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित व जागरूक करें।



# झूठे आरोप लगाकर छवि धूमिल करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा

**मुंबई।** भोजपुरी फिल्मों के स्टार रवि किशन को अपना पिता बताने वाली महिला ने डीएनए टेस्ट की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया है और मामले में कुछ भी ऐसा नहीं पाया जिससे टेस्ट की जरूरत पड़े। अब इस पर रवि किशन की ओर से बयान आया है कि इन लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। इस केस में जिन-जिन लोगों ने छवि धूमिल करने का प्रयास किया है उन सबको जेल जाना होगा। इसमें जो भी बड़े-बड़े नाम शामिल हैं उनमें से किसी को भी माफ नहीं किया जाएगा और वो आरोप लगाने वाली महिला भी जल्द ही जेल जाएगी। गोरखपुर से वर्तमान सांसद रवि किशन को अपना पिता बताकर उनके डीएनए टेस्ट की अर्जी लगाने वाली महिला शिनोवा शुक्ला को अदालत से फटकार मिली है।

लाइफ Style



# जैस्मीन

## इस साल शादी करेंगी अली गोनी से

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अली गोनी और जैस्मीन भसीन अपने 'बिग बॉस' के दिनों से ही हमारा दिल जीत रहे हैं। हमने घर में रहने के दौरान दोनों के बीच का प्यारा रिश्ता देखा, जिससे पता चला कि कैसे उनकी दोस्ती प्यार में बदल गई।

आख़िरकार, जैस्मीन और अली ने नेशनल टेलीविजन पर एक-दूसरे के लिए अपने प्यार का इज़हार किया और जल्द ही लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। जब वे दोनों अपने डेटिंग फेज का भरपूर आनंद ले रहे हैं, उनसे अक्सर उनकी शादी की प्लानिंग के बारे में पूछा जाता है। इस बार अली ने इस पर रिएक्ट किया है। जैस्मीन भसीन और उनके बॉयफ्रेंड अली गोनी पिछले कुछ सालों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। बता दें, जैस्मीन और अली पहली बार मुंबई एयरपोर्ट पर मिले थे, जब वे 'खतरों के खिलाड़ी' की टीम के साथ अर्जेंटीना के लिए रवाना हो रहे थे। हालांकि, बिग बॉस 14 के घर के अंदर उनके रहने के बाद से उन्हें एक-दूसरे से प्यार हुआ और वे तब से एक साथ हैं। वे कई म्यूजिक वीडियो में एक साथ दिखाई दिए हैं और उनकी ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। जहां हर कोई जैस्मीन भसीन और अली गोनी की शादी के बारे में जानने के लिए एक्साइटेड है, वहीं अली गोनी ने हाल ही में अपनी शादी के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है। 'इंस्टेंट बॉलीवुड' के साथ अपनी बातचीत के दौरान, अली ने खुलासा किया कि उनकी मां उन्हें और जैस्मीन को शादी करने के लिए कह रही हैं।

हॉलीवुड मसाला



# जेनिफर ने दिखाया एक्शन का दम

मुंबई। जेनिफर लोपेज स्टारर एटलस का टीजर पिछले महीने रिलीज किया गया था , जो ऑडियंस को खूब पसंद आया था। अब फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो गया है। जेनिफर लोपेज को आपने कई किरदार में देखा होगा, लेकिन साइंस फिक्शन एक्शन थ्रिलर में एक्ट्रेस पहली बार नजर आएंगी। ट्रेलर में जेनिफर लोपेज छा गई हैं। जेनिफर लोपेज हॉलीवुड की बेहतरीन अदाकारा हैं। साल 1993 में डेब्यू करने वाली जेनिफर ने तीन दशक के करियर में कई हिट फिल्मों में काम किया है।




# कैसेंड्रा नोवा है डेडपूल एंड वुल्वरीन की पॉवरफुल बॉल्ड विलेन..

**मुंबई।** डेडपूल एंड वुल्वरीन का मारवल के फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म के साथ लोगन का सात साल का वनवास खत्म होगा। 2017 में आई लोगन में वुल्वरीन की मौत दिखाई गई थी। हालांकि ट्रेलर आने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा इस सुपरहीरो फिल्म की विलेन को लेकर है जो डेडपूर और वुल्वरीन दोनों के छक्के छुड़ाते नजर आ रही है। वुल्वरीन के फैंस खास तौर पर जश्न मना रहे हैं, क्योंकि इस 2017 में आई 'लोगन' में वुल्वरीन की मौत दिखाई जा चुकी है। अब सात साल बाद मारवल का यह दिलचस्प किरदार बड़े पर्दे पर वापसी कर रहा है। ट्रेलर में डेडपूल यानी वेड विल्सन और वुल्वरीन यानी लोगन के बीच की नोकझोंक फैंस को खूब पसंद आ रही है, मगर ट्रेलर के अंत में एक अन्य किरदार पर निगाहें थम जाती हैं। इसे बेहद ताकतवर बाल्ड कैरेक्टर को देखकर जहन में सवाल उठना लाजिमी है।



# आयशा की सादगी देख यकीन नहीं होता

**नई दिल्ली।** रजा मुराद का सख्त सा चेहरा, कठोर सी आंखें और उनकी भारी भरकम आवाज ही फिल्मी दर्शकों को दहलाने के लिए काफी होती थी। उनकी ये आवाज ही उनकी पहचान बन गई। रजा मुराद मशहूर एक्टर मुराद के बेटे हैं। मुराद ने भी दशकों तक फिल्म इंडस्ट्री में काम किया। इस दौरान वो दिलीप कुमार, पृथ्वीराज कपूर जैसे कई उम्दा सितारों के साथ नजर आए। लेकिन परिवार की ये फिल्मी विरासत बेटी को नहीं मिली। रजा मुराद की बेटी उनके साथ इंस्टाग्राम पर तो दिखाई देती हैं, लेकिन फिल्मी पर्दे पर दिखाई नहीं दी। रजा मुराद की बेटी का नाम है आयशा मुराद। आयशा मुराद को आप रजा मुराद के इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरों में देख सकते हैं। रजा मुराद अक्सर अपने परिवार के साथ तस्वीरें पोस्ट करते है जिसमें वो अपनी पत्नी, बेटी और बेटे के साथ दिखाई देते हैं।



# राकेश जिम में करते हैं जी तोड़ मेहनत

**नई दिल्ली।** सिल्वर स्क्रीन पर आप एक्टर्स और एक्ट्रेसेज की फिटनेस के बड़े फैन होते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि अपना लुक मेंटेन करने के लिए इन्हें कितनी मेहनत करनी पड़ती है। ये मेहनत केवल यंगस्टर्स ही नहीं करते बल्कि सीनियर एक्टर्स भी खुद को फिट रखने के लिए और पब्लिक लाइफ में रहने के लिए खासी मेहनत करते हैं। फिलहाल राकेश रोशन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राकेश जिम में जी तोड़ मेहनत करते नजर आ रहे हैं। 74 साल के राकेश का जिम शेड्यूल देखकर उनके बेटे ऋतिक रोशन भी हैरान रह गए। ऋतिक रोशन भी रह गए हैरानऋतिक ने पापा की तारीफ करते हुए उनकी रील शेयर की और लिखा, मतलब कैसे !!! हाउ? अनबिलीवेबल पापा।

टीवी मसाला

# कपिल शर्मा के शो में देओल ब्रदर्स ने की जमकर मस्ती

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा एक बार फिर अपनी टीम के साथ वापसी कर चुके हैं। कपिल शर्मा टीवी के बाद अब ओटीटी पर कदम रख चुके हैं। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो में हर हफ्ते लोगों को हंसाने के लिए नेटफ्लिक्स पर आ जाते हैं। अब आने वाले एपिसोड में देओल ब्रदर्स यानी सनी देओल और बॉबी देओल आने वाले हैं। शो का प्रोमो आ गया है जिसमें कपिल शर्मा सनी देओल और बॉबी देओल के साथ मस्ती करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों ही एक्टर्स को उनकी फिल्म गदर 2 और एनिमल की सक्सेस के लिए सभी ने बधाई भी दी और देओल ब्रदर्स ने कई राज भी खोले हैं।



## कपिल ने लिए काशीपुर वाले निराला बाबा के मजे


द ग्रेट इंडियन कपिल शो का ये नया प्रोमो वीडियो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। इस वीडियो में कपिल शर्मा बॉबी देओल के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं।वीडियो में देखा जा सकता है कि आश्रम के काशीपुर वाले बाबा को लेकर बॉबी देओल के साथ कपिल शर्मा ने जमकर मस्ती की। कपिल कहते हैं- 'हम समझ गए जीवन का असली सुख आश्रम में ही है'। जिसके जवाब में बॉबी कहते हैं- 'लड्डू खाने हैं तो आ जाओ मेरे पास'। इसके जवाब में कपिल कहते हैं- पाजी लड्डू खाने में किसी को कोई प्रॉब्लम नहीं है लेकिन लड्डू खाने के बाद आप जो हरकतें करते हो ना... कपिल की ये बात सुनकर सभी लोग जोर-जोर से हंसने लगते हैं।

## सनी देओल ने पापा धर्मेंद्र की बताई बात


उसके बाद सनी देओल वीडियो में बताते हैं।पापा कहते हैं आओ मेरे साथ बैठो दोस्त बनों। मैं बोलता हूं- पापा मैं आपको दोस्त बनकर बात बताऊंगा तो आप फिर पापा बन जाते हो। इस वीडियो को देखकर ही लग रहा है ये शो काफी मजेदार होने वाला है। जिसमें सुनील ग्रोवर भी बॉबी और सनी के साथ ढेर सारी मस्ती करेंगे। बता दें द ग्रेट इंडियन कपिल शो के आखिरी एपिसोड में आमिर खान आए थे। जिसमें उन्होंने अपनी फैमिली, पर्सनल लाइफ और काम को लेकर ढेर सारी बातें की। साथ ही उन्होंने फैंस को ऐसी बातें बताईं जो शायद ही पहले किसी को पता होंगी।

# अक्षय के करियर को हॉरर फिल्म से ट्रैक पर लाएंगे प्रियदर्शन!

**मुंबई।** प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की सुपरहिट जोड़ी अब 14 साल बाद फिर साथ आने वाली है। प्रियदर्शन ने अक्षय के साथ अपनी नई फिल्म अनाउंस की है और साथ ही यह भी बताया है कि वह किस सब्जेक्ट पर आधारित होगी। प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ 'हेरा फेरी', भागमभाग', 'भूल भुलैया' और 'गरम मसाला' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। प्रियदर्शन ने बताया कि वह अभी तक वह अपनी डॉक्यू-सीरीज पर काम कर रहे थे, जो राम मंदिर के इतिहास पर बनी है। उन्होंने कहा, 'अब जब मैंने राम मंदिर के इतिहास पर अपनी डॉक्यू-सीरीज पूरी कर ली है, तो मैं अब अक्षय के साथ अपनी सबसे महत्वपूर्ण फिल्म पर काम शुरू कर रहा हूं।



# गोवा, यूरोप व श्रीलंका समेत इन खूबसूरत जगहों पर हुई है 'कंगुवा' की शूटिंग



**नई दिल्ली।** स्टूडियो ग्रीन और सूर्या शिवकुमार द्वारा मैग्नम ओपस 'कंगुवा' के टीजर रिलीज के बाद से इसने हर जगह काफी उत्साह पैदा कर दिया है। इस शानदार टीजर में वह सब कुछ है, जो इसे हॉलीवुड प्रोडक्शन के लेवल का बनाता है: एक्सपर्टाइज, क्रिएटिव थिंकिंग, कंटेंट की ओरिजेनिलिटी, जबरदस्त बैकग्राउंड स्कोर और एक्जिक्यूशन टीजर ने देश भर में दीवानगी को बढ़ा दिया है। सभी को टीजर बहुत पसंद आ रहा है और दर्शक धमाकेदार एक्शन देखने का इंतजार कर रहे हैं।बॉबी देओल जहां इसमें खलनायक की भूमिका में हैं।वहीं सूर्या वीर योद्धा के किरदार में हैं, जिनके बीच जबरदस्त संग्राम देखने मिलने वाला है।

## एक्शन सीन्स के लिए की 60 दिन की शूटिंग

कंगुवा बेशक इस साल आने वाली सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने इसे दर्शकों के लिए ना भूलने वाला अनुभव बनाने के लिए हर तरह की मुमकिन कोशिश की है। फिल्म दो अलग-अलग समय, अतीत और वर्तमान की कहानी कहती है। इसलिए उन्होंने इसे दुनिया भर में रीयल लोकेशस पर फिल्माया है। फिल्म को खास बनाए रखने के लिए मेकर्स ने इसे गोवा, यूरोप और श्रीलंका जैसी खूबसूरत जगहों पर फिल्माया है। उन्होंने वहां 60 दिन शूटिंग की, खास तौर पर एक्शन सीन्स के लिए।350 करोड़ के बजट वाली इस फिल्म के कुछ अहम हिस्से चेन्नई के पास और यहां तक कि पांडिचेरी में भी फिल्माए गए हैं. हाल ही में मेकर्स केरल और कोडईकनाल के जंगलों में सूर्या के साथ एक महत्वपूर्ण सीन को फिल्माया। पिछले अक्टूबर में, मेकर्स ने पूरी टीम के साथ बैंकॉक में तीन हफ्ते के शेड्यूल में शूटिंग की थी।

# सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर लापता लेडीज का धमाका



***नई दिल्ली।*** *किरण राव द्वारा निर्देशित जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की लापता लेडीज ने अपनी थियेटर रिलीज के साथ ही लोगों का दिल जीत लिया है। दर्शकों और आलोचकों ने फिल्म की अच्छी तरह से संरचित कहानी, मनोरंजन, सामाजिक संदेश, मुख्य कलाकारों के अभिनय और निर्देशन की खूब प्रशंसा की और यह साल की सबसे पसंदीदा और सकारात्मक समीक्षा वाली फिल्मों में से एक बन गई। अपने बेहतरीन थियेटर रन के बाद इस बहुचर्चित फिल्म को डिजिटल रिलीज पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।*

*दर्शकों ने पूरे सोशल मीडिया पर फिल्म के लिए प्यार की बाढ़ ला दी और वे इसकी खूब प्रशंसा कर रहे हैं। हर तरफ से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने फिल्म को सोशल मीडिया पर 'टॉप 10' ट्रेंडिंग इंडियन मूवीज की सूची में नंबर 1 स्थान दिलाने में मदद की। डिजिटल रिलीज के बावजूद, फिल्म अभी भी कई सिनेमाघरों में चल रही है और शानदार गति बनाए हुए है।*

*दर्शकों की ओर से आने वाली हर प्रतिक्रिया से यह साफ पता चलता है कि किरण राव और उनकी बेहतरीन कहानी और निर्देशन ने सभी के दिमाग पर क्या असर छोड़ा है। आमिर खान प्रोडक्शंस की इस फिल्म ने दर्शकों को अपनी असीमित हंसी से बांधे रखा है। फिल्म में कॉमेडी और मनोरंजन का तड़का तो है ही, साथ ही यह देश की महिलाओं से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी प्रकाश डालती है।*

*, 'लापता लेडीज' किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी यह फिल्म बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है और इसकी पटकथा अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। कहानी और संवाद स्नेहा देसाई द्वारा लिखे गए हैं, जबकि अन्य डायलॉग दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखे गए हैं।*

## 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर

# 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पहुंचा आखिरी पायदान पर

***मुंबई।*** *टीवी टीआरपी की लिस्ट दर्शकों की पसंद और नापसंद पर निर्भर करती है। इन दिनों 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के सितारे गर्दिश में हैं। ये सीरियल लुढ़ककर सबसे नीचे पहुंच गया है। 'उड़ने की आशा' ने टॉप 5 में अपनी जगह बना ली है। जैसे फिल्मों के लिए बॉक्स ऑफिस की रिपोर्ट तय करती है कि फिल्म हिट हुई या फ्लॉप, उसी तरह ब्रॉडकास्टिंग ऑडियंस रिसर्च काउंकिल की तरफ से टीवी सीरियल्स के लिए हर हफ्ते एक रिपोर्ट जारी होती है, ये बताती है कि कौन-सा सीरियल राज कर रहा है और किसे दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है यानी नापसंद कर दिया है। 16वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट आ चुकी है और ये 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के फैंस के लिए बुरी खबर लेकर आई है। लेटेस्ट टीआरपी रिपोर्ट के मुताबिक, 'उड़ने की आशा' सीरियल ने टॉप 5 में अपनी एंट्री कर ली है। दूसरी तरफ रुपाली गांगुली का शो 'अनुपमा' हर बार की तरह इस बार भी टॉप पर अपनी जगह बनाए हुए है।*

### अनुपमा ने इस हफ्ते मारी बाजी



अनुपमा सीरियल 2.4 रेटिंग के साथ टीआरपी लिस्ट में टॉप पर है। दर्शकों को शो का नया ट्रैक पसंद आ रहा है। वहीं, हिबा और क्रुशाल अहूजा के 'झनक' ने दूसरे नंबर पर अपना कब्जा जमा लिया है। इस शो को 2.2 रेटिंग मिली है।'ये रिश्ता क्या कहलाता है' सीरियल ने इस बार सरप्राइज दिया है। 1.9 की रेटिंग के साथ समृद्धि शुक्ला औ रोहित पुरोहित के शो को तीसरा स्थान मिला है।

### 'गुम है किसी के प्यार में' एक नंबर लुढ़का

शक्ति अरोड़ा स्टारर 'गुम है किसीके प्यार में' सीरियल टॉप 3 से लुढ़ककर अब चौथे नंबर पर खिसक गया है। इसकी रेटिंग 1.9 है। कंवर ढिल्लन और नेहा




हरसोना के 'उड़ने की आशा' ने भी उड़ान भरी है। इसने 1.5 की रेटिंग के साथ टॉप 5 में जगह बना ली है।

### 'तारक मेहता...' को लगा झटका

कलर्स टीवी के माइथोलॉजिकल सीरियल 'शिवशक्ति' को नंबर 6 और साईं निकेतन-अद्रिजा रॉय स्टारर 'इमली' को सातवां स्थान हासिल हुआ है। 'मंगल लक्ष्मी' और 'कुंडली भाग्य' सीरियल 8वें और 9वें नंबर पर है। दिलीप जोशी के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को झटका लगा है। ये लुढ़ककर 10वें नंबर पर पहुंच गया है।



## खबर संक्षेप

### चार्टड डे पर लीनेस क्लब ने बांटे शीतल पेय

**रायगढ़।** शहर और पूरा अंचल तेज गर्मी के चपेटे में है। इस गर्मी में विभिन्न सड़कों पर राहगीर रास्ते में प्यास से व्याकुल दिखते हैं और परेशान होते हैं। राहगीरों को इस परेशानी से कुछ राहत मिले, इस उद्देश्य से सेवांजली क्लब के सभी सदस्यों ने बोईरदादर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में स्टॉल लगाकर घर से बनाकर लाए स्वादिष्ट आम पनाए रसना शर्बत एवं नीबू पानी का वितरण किया गया। जिसमें रोड पर निकलने वाले राहगीरों और वाहनों को रोककर सभी को शर्बत वितरण किया गया स साथ ही सभी लोगों को मतदान दिवस 07 जून को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित भी किया गया। मंदिर में भजन करने आयी महिलाओं को भी सेवांजली सदस्यों ने शर्बत वितरण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ऑल इंडिया लीनेस एरिया एडवाइजर सुमिता पांडेय और सेवांजली अध्यक्ष रजनी मिश्रा ने दुर्गा मंदिर की आयोजक समिति का इस कार्यक्रम में उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। चार्टर डे के उपलक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चार्टर अध्यक्ष ली सुमिता पांडेय, अध्यक्ष ली रजनी मिश्रा, सचिव ली बबली कुलवेदी, संरक्षक ली मंजरी गुरु, कोषाध्यक्ष ली रूपांजली देशमुख, चेयर पर्सन ली तनु शर्मा, ली ममता चौहान के साथ ली प्रिया पांडेय आदि लिनेस सखियों की सहभागिता रही।

### वैष्णव समाज तमनार का सामाजिक सम्मेलन

**तमनार।** वैष्णव समाज तमनार मण्डल का बृहद सामाजिक सम्मेलन ग्राम मिलूपारा के टिकेश्वर दास वैष्णव के मकान में 28 अप्रेल को संपन्न हुआ। मण्डल अध्यक्ष टिकेश्वरदास वैष्णव उपाध्यक्ष मुरलीधर बैरागी सचिव ओमप्रकाश बैरागी कोषाध्यक्ष दिव्यशंकर बैरागी आचार्य, लोकनाथ बैरागी, रमेश दास बैरागी दास, सह सचिव लम्बोदर वेष्णव संरक्षक तुलसी दास वेष्णव, सुरेश दास, उद्धव दास, घनश्याम दास कार्यकारिणी मण्डल अविनाश दास, नामदेव बैष्णव प्रफुल्ल एव केशव जितेन्द्र वैरागी लक्ष्मी दास, संतोष वैष्णव, घनश्याम उपस्थित रहे। वैष्णव रूपदास, जय प्रकाश अन्य वैष्णव महासभा तमनार के अन्य गणमान्य स्वजातीय बन्धुओ सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे सभा में मुख्य रूप से समाज के उन्नति एवं वैष्णव समाज को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस विषय में चर्चा हुई एवं आने वाले समय में विष्णु महायज्ञ ब्लाक स्तरीय करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। सभी पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधुओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

### कॉलेज में कम्प्यूटर साक्षरता का प्रथम बैच पूर्ण

**रायगढ़।** उत्तम मेमोरियल कॉलेज रायगढ़ के चेयरमैन गौतम चौधरी के निर्देशानुसार तथा डायरेक्टर संजय चौधरी एवं संतोष चौधरी के मार्गदर्शन में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिवसीय निशुल्क कंप्यूटर साक्षरता प्रशिक्षण के प्रथम बैच का शुभारंभ किया गया था। आज उपरोक्त कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजन संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गोमती सिंह ने अपने उद्बोधन में कंप्यूटर साक्षरता के बारे में विस्तृत चर्चा की। 15 दिवसीय निशुल्क कंप्यूटर साक्षरता प्रशिक्षण के अंतर्गत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता साक्षात्कार कविता लेखन एवं मुख्य परीक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्रों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया ।

### 2 लाख 38 हजार की शराब और लाहन नष्ट

**रायगढ़।** सारंगढ़ जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में 48 हजार मूल्य का शराब और 1 लाख 90 हजार मूल्य का लाहन कुल लगभग 238000 रुपए का सामग्री जप्त किया गया। आबकारी विभाग वृत्त सारंगढ़ को सूचना मिली की ग्राम शांतिनग़र चौकी कनकबीरा में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता हैए जिसे गांव के बाहर एवम आसपास के क्षेत्रों में इसको विक्रय किया जाता है स सूचना की पुष्टि होने पर टीम के साथ बताए गए स्थान शांतिनगर के जंगल पर पहुंचे। स्थल पर सफेद रंग के पॉलीथिन तथा बालटियों में भरी क़रीब 220 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा बड़े बड़े ड्रमों, बालटियों में महुआ शराब बनाने के लिए महुआ लाहन जिसकी कुल मात्रा लगभग 3800 किलोग्राम है, को जब्त किया गया।

## शासन स्तर पर अटकी प्रक्रिया, जांच की रिपोर्ट पाने भटक रहे मरीज

# लैब में इक्यूप्मेंट की कमी, मेकाहारा में 2 माह से अटकी बायोप्सी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



**वित्तीय मामलों की प्रक्रिया अटकी**

सूत्र बता रहे है कि लैब के इक्यूप्मेंट की खरीदी के लिए नियमों में बदलाव हुआ है। जिसकी वजह से कुछ वित्तीय मामलों की वजह से खरीदी अब तक नहीं हो पाई है। हालांकि मेडिकल कॉलेज की ओर से इक्यूप्मेंट की कमी होने और आवश्यक इक्यूप्मेंट की सूची भेज दी गई है।

मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी लैब में इक्यूप्मेंट की कमी की वजह से करीब दो माह से बायोप्सी जैसी कई जांच की रिपोर्ट अटकी हुई है। सूत्र बता रहे हैं कि इक्यूप्मेंट नहीं होने की वजह से दो माह से सैंपल पड़ा हुआ है और जांच नहीं हो पाई है। ऐसे इक्यूप्मेंट के लिए मांग भेजी गई है, किंतु अब तक मांग की पूर्ति नहीं होने की वजह से मरीज के परिजनों को भटकना पड़ रहा है।

इस संबंध में रामभांठा निवासी निवासी अनूप सिंह ठाकुर ने बताया कि उन्होंने अपनी पत्नी की डिलीवरी के लिए बीते 27 फरवरी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया था। डिलीवरी के बाद बायोप्सी जांच के लिए सैंपल लेकर लैब में जमा कर दिया। लैब के कर्मचारियों ने उन्हें बताया कि करीब 20 दिन में जांच रिपोर्ट मिल जाएगी। हालांकि उन्हें सैंपल लेते समय यह नहीं बताया गया था कि किन कारणों से अधिक समय लग सकता है। सैंपल जमा करने के बाद करीब 3 से 4 बार में वे मेडिकल कॉलेज जांच रिपोर्ट लेने जा चुके हैं। किंतु इक्यूप्मेंट नहीं होने की बात कहते हुए जांच रिपोर्ट आने में समय लगने की बात कही जा रही है।

**दो माह में 500 सैंपल की जांच लंबित**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लैब में बीते करीब दो माह से इक्यूप्मेंट की कमी बनी हुई है। जो अब तक दूर नहीं हो सकी है। हालांकि इस पर अधिकारी नियमित जांच होने की बात कह रहे हैं। किंतु सूत्रों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार हर दिन बायोप्सी के लिए करीब 8 से 10 सैंपल आते हैं। इस हिसाब से बीते दो माह से करीब बायोप्सी के करीब 500 सैंपल बिना जांच के पड़े हुए हैं।

**इलाज करने में भी आ रही समस्या**

अहम बात यह है कि जांच के लिए सैंपल लिए जाने के करीब दो माह बाद भी रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने की वजह से मरीजों की समस्याएं बढ़ रही हैं। दरअसल जो सैंपल लिए गए है उनके आधार पर ही आगे इलाज किए जाने थे किंतु अब जांच की रिपोर्ट प्राप्त नहीं की वजह से इलाज की आगे की प्रक्रिया भी अटकी हुई है। वहीं चिकित्सक भी जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं, जिसके आधार पर वे मरीज का इलाज करेंगे।

**हो रही मैनुअल जांच**

लैब के इक्यूप्मेंट के लिए कुछ वित्तीय प्रक्रियाएं शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन हैं। इन प्रक्रियाओं के पूरा होने होते ही मांग अनुरूप इक्यूप्मेंट मिल जाएंगे। फिलहाल मैनुअल व सेमी ऑटोमैटिक तरीके से जांच चल रह है।

**डॉ. मनोज कुमार मिंज**
एचओडी, मेकाहारा लैब

## 30 फीसदी बढ़ा लोड, एक करोड़ यूनिट से अधिक की खपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में बीते कुछ दिनों से अलग अलग इलाकों में ट्रांसफार्मर जलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसकी मुख्य वजह बिजली की क्षमता से अधिक खपत को माना जा रहा है। अप्रैल माह में खपत करीब 30 फीसदी बढ़ गया। ऐसे में ट्रांसफार्मरों पर लोड भी क्षमता से अधिक हो गया है। गौरतलब है कि वर्तमान में तापमान 40 से 42 डिग्री तक जा पहुंचा है। जिसकी वजह से सुबह करीब 9 बजे से ही सूर्य की तपिश महसूस हो रही है। जो सुबह 11 बजे से ही झुलसा रही है। दोपहर के वक्त तो गर्म हवाएं और सूरज की तपीस लोगों को जीना मुहाल कर रही है। स्थिति यह है कि शाम करीब 7 बजे तक गर्म हवाएं गर्मी का एहसास करा रही हैं। ऐसी स्थिति में लोग गर्मी से राहत पाने के लिए घरों में कूलर व एसी का सहारा ले रहे हैं। शहर में गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत भी बढ़ गई है। ऐसे में लगे ट्रांसफार्मर्स में लगातार लोड बढ़ रहा है, अत्यधिक लोड होने के कारण ट्रांसफार्मर लोड नहीं झेल पा रहे और इसमें आग लगने की समस्या सामने आ रही है। ज्ञात हो कि बीते कुछ दिनों में शहर के भीतर 2 जगहों पर ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना सामने आ चुकी है।

**3 करोड़ यूनिट औसत खपत**

जानकारी के अनुसार शहर की बिजली की औसत खपत 3 करोड़ यूनिट है। आम तौर पर बीते वर्षों गर्मियों में करीब 10 से 15 फीसदी तक ही बढ़ी थी। किंतु इस बार 30 फीसदी तक खपत बढ़ गया है। यानी शहर के ट्रांसफार्मर अपनी क्षमता से अधिक करीब 1 करोड़ यूनिट अधिक लोड झेल रहे हैं।

**15 दिनों में बदले 8 ट्रांसफार्मर**

विभाग की मानें तो बीते करीब 15 दिनों के भीतर में शहर में आग लगने और ओवरलोडिंग की वजह से खराब हुए करीब 8 ट्रांसफार्मर को बदला जा चुका है। शहर में कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जहां लगातार लोड बढ़ क्षमता से काफी अधिक बढ़ रहा है। वहीं पूरे शहर की बिजली खपत अप्रैल माह में ही करीब 30 फीसदी तक बढ़ चुकी है। जबकि आम तौर पर हर साल 10 से 15 फीसदी खपत बढ़ता है। किंतु इस बार गर्मी ने इस रिकार्ड को भी तोड़ डाला।

## शाह के एडिट किए वीडियो को लेकर बीजेपी की प्रेसवार्ता





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तेलंगाना के एक कार्यक्रम में गृहमंत्री अमित शाह के वीडियो को कांग्रेस ने छेड़छाड़ करते हुए जिस तरह वायरल किया। भाजपा उसकी निंदा करती है। यही नहीं हार के भय से एडिटेट वीडियो वायरल करने वाले तत्वों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज होगा। यह कहना है। पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया का राज्यसभा सांसद देवेंद्रप्रताप सिंह, पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया, जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश साहू ने जिला भाजपा कार्यालय में गृहमन्त्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो वायरल किए जाने के मामले में मीडिया के समक्ष अपनी बातें रखी। जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में पूर्व मंत्री सत्यानंद राठिया ने दावा किया चूंकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने वाले हैं, इसलिए कांग्रेसियों में भय उत्पन्न है, बौखलाहट है। कांग्रेस ने तेलंगाना के वीडियो को जिस तरह तोड़मरोड़ कर वायरल किया, उसकी हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। असल वीडियो भाजपा के पास आ चुकी है। दिल्ली सायबर सेल के माध्यम से असलियत सामने आ जाएगी। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल ने भी दावा करते हुए कहा वीडियो को एडिट किया हुआ फाल्स है। हम रायगढ़ में भी एफआईआर दर्ज कराएंगे। भाजपा लोकसभा में 400 पार करने पूरी ऊर्जा झोंक चुकी है और नरेंद मोदी फिर देश की बागडोर सम्हालेंगे। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल, श्रीकांत सोमावार, मनीष शर्मा, ओंकार तिवारी भी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## हाइवा ने बाइक सवारों को रौंदा, वृद्ध की मौत, युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पूंजीपथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तराईमाल के पास एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति बेलगाम हाइवा की चपेट में आ गए। जिसमें वृद्ध की मौत हो गई, वहीं युवक घायल हो गया। वहीं कोतरा रोड़ थाना क्षेत्र के बरमुड़ा में एक अज्ञात युवक और घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भेडरा बायपास रोड के पास एक अज्ञात युवती की लाश मिली है। इन तीनों मामलो में पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत नलवा स्टील प्लांट तराईमाल के पास हुए हादसे के संबंध मिली जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी 13 वाय 7535 में सवार नंदकिशोर राठिया और उसका नाना हर्राडीह जा रहे थे। जब वे दोनों तराईमाल स्थित नलवा स्टील प्लांअ के पास पहुंचे तो एक तेज रफ्तार हाइवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना में जहां नंदकिशोर राठिया बाइक से दूर जा गिरा, जिसके कारण वह घायल हो गया। वहीं उसका नाना हाइवे के पिछले चक्के की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचे जहां घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं शव को भी पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने हाइवा को कब्जे में ले लिया है और फरार हाइवा चालक की तलाश की जा रही है।

दूसरी घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। जहां ग्राम पंचायत भेंडरा में झाड़ियों के भीतर एक युवती की लाश बरामद की गई है। देखने से ऐसा लग रहा है कि लाश को घास फूस से ढका गया था। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। समाचार लिखे जाने तक मृतिका की शिनाख्ती नहीं हो पाई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भेंडरा सीमा से लगे बाय पास से भेंडरा जाने वाले सड़क के पास युवती की लाश को कुछ ग्रामीणों ने देखा। घटना के बारे में सरपंच पति को सूचित किया गया। इसके बाद सरपंच पति द्वारा घरघोड़ा पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर जब पुलिस पहुंची तो लाश घास से ढकी हुई थी। मृतका काले रंग की लेगिंग्स और हरे रंग का टॉप पहने हुई है। मृतिका की उम्र करीब 20 से 24 वर्ष के मध्य बताई जा रही है। घटना में हत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस की तरफ से हत्या को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। मृतिका की शिनाख्ती के साथ ही आसपास से सबूत खंगाले जा रहे है। अभी पुलिस मामले की हर तरह से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद काफी कुछ साफ होने की उम्मीद है।

वहीं तीसरा मामला कोतरा रोड थाना क्षेत्र का है। जहां सोमवार की सुबह ग्राम बरमुडा बड़े तालाब के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना पुलिस को मिली। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कोटवार उत्तरादास महंत निवासी बरमुड़ा द्वारा गांव के बड़े तालाब के नीचे नाला कीचड़ में एक अज्ञात पुरुष का शव पड़े होने की सूचना दी गई। सूचना मिलने पर कोतरारोड पुलिस जांच के लिए ग्राम बरमुडा पहुंची। जहां नाला कीचड़ में मृतक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 40-45 वर्ष का शव पड़ा मिला। शव में किसी जगह चोट, खरोच का निशान नहीं दिखा। शव के कुछ दिन पुराना होने से शरीर में कीड़े लग गए थे, मृतक नाइक कंपनी का स्लेटी कलर का निकर पहना हुआ है। मृतक की पहचान एवं उसके वारिसानों का पता लगाने जांचकर्ता पुलिस अधिकारी द्वारा आसपास गांव में मुनादी कराया गया, मृतक का पता नहीं चला है। मामले में कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को मरच्युरी में रखवाया गया है। सड़क दुर्घटना की एक अन्य घटना सोमवार सुबह उर्दना के पास घटित हुई जहा एक तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और पिकअप में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## साइकिल रैली निकालकर दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

साथ ही यह आव्हान किया गया कि 7 मई को होने वाले मतदान में वे शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में साइकिल रैली का नेतृत्व सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी जितेन्द्र यादव कर रहे थे। इस दौरान आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवंशी भी साथ उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि 7 मई को जिले में होने वाले मतदान में सौ फीसदी भागीदारी के लिए चलाये जा रहे स्वीप अभियान के तहत आज स्वीप साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली को सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने कहा कि सभी मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान में अवश्य भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर एक वोट बेहद कीमती है। इसका उपयोग हमें स्वयं कर दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। साइकिल रैली प्रातः 7 बजे से कलेक्टोरेट रायगढ़ से शुरू होकर केलो विहार कालोनी, रोज गार्डन, डिग्री कालेज के पास से होते हुए पुनः कलेक्टोरेट में संपन्न हुई। साइकल रैली में सीईओ जनपद रायगढ़ राजेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी सहित नगर निगम, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य शामिल हुए।

### सुपरवाइजर को मंत्री की हिदायत आंबा कार्यकर्ताओं में संतोष

**पुसौर।** जनपद पंचायत पुसौर मुख्यालय में एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय स्थापित है जिसके अधीन 331 आंगनबाडी केन्द्र संचालित है जहां 11 सुपरवाईर व केन्द्र वाईज कार्यकर्ता एवं सहायिका भी नियुक्त है। जानकारी के मुताबिक कार्यालयीन स्टाफ सुपरवाईजर और कार्यकर्ता सहायिकाओं के बीच कभी कभी आपसी मतभेद होता रहा है जिसे आपस में सुलझा भी लेते रहे हैं और जब वही नहीं सुलझता वो कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन एवं अन्य सक्षम अधिकारी के समक्ष पहुंचता है इसी कड़ी में इसी तरह का मामला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने रेंगालपाली, डुमरमुडा के सुपरवाइजर के मानमानी पर कारंवाई करने क्षेत्रीय विधायक एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत हुआ था जिसमें इन्हौने तत्काल संज्ञान में लिया और जिला कार्यालय में अटेच करते हुये उसे ताकिद भी कराया गया कि इस तरह के मामले की पुनरावृत्ति न हो।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर जेएसपी फाउंडेशन ने लगाया चिकित्सा शिविर

**रायगढ़।** लोगों को पशु स्वास्थ्य व उनके महत्व के बारे में शिक्षित करने और उन्हें अपने पशुधन को बेहतर देखभाल के लिए प्रोत्साहित करने विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन किया जाता है। जे एस पी फाउंडेशन द्वारा उप संचालक शासकीय पशु चिकित्सा सेवायें रायगढ़ की सहभागिता में संबलपुरी आदर्श गोठान के गो.धन के बेहतर उपचार व देखभाल के लिए पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया और विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में 53 गो वंश का उपचार किया गया और निःशुल्क दवाइंया उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा गावों में गोपालक कृषकों के लिए पशुधन जा ग रू क ता



कार्यक्रमों केआयोजन सहित गोवर्धन केंद्रों में प्राथमिक उपचार किए गए और गांव के किसानों को पशुओं को होने वाले मौसमी बीमारियों के बारे समझाइश दी गई। जेएसपी फाउंडेशन द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग रायगढ़ की सहभागिता में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर संबलपुरी आदर्श गोठान में गोधन के लिए जांच एवं उपचार शिविर आयोजित किये गए। शिविर में पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के उप संचालक डॉ. डीडी झारिया, डॉ विजय सिंह एवं उनकी टीम ने सेवाएं दी।


हरिभूमि

पाठकों के लिए माह अप्रैल 2024 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2024 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर


## पेज 1 का शेष

### नाबालिग से दुष्कर्म ...

भेजा गया है, घटना में सम्मिलित शेष 02 अपचारी बालक उम्र क्रमशः 16 वर्ष 02 माह एवं 16 वर्ष से घटना के संबंध में पूछताछ उपरांत बाल संप्रेषण गृह भेजा गया। विवेचना कार्यवाही, अभियुक्तों की पतासाजी में निरीक्षक मल्लिका बनर्जी, उप निरीक्षक विवेक भगत, उप निरीक्षक सुरजन राम पोर्ते, सुखशरण साय, नीरज तिर्की, ईश्वर साय, बिरजिनिया टोप्पो की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### प्राथमिक शाला छिंदबहरी ...

कोई भी समस्या आने पर ग्रुप के माध्यम से हल किया जा सकता है। पालकों ने कृषि के औजार भी खिलौने के रूप में बनाकर बच्चों को भेट किए और उसके उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। समर कैंप के समापन के दौरान पालकों और माताओं की उपस्थिति भी सराहनीय रही। सभी ने कार्यक्रम भी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम होते रहने चाहिये। समापन के दौरान जादुई पिटारा का भी प्रदर्शन किया गया उसमें रखी सामग्री पर भी चर्चा हुई और इ- जादुई पिटारा के बारे में भी जानकारी दी गई इसे डाउनलोड कर कैसे सीख सकते हैं बच्चे इस बारे में भी बताया गया और सभी से एप्प डाउनलोड करने का आग्रह किया गया। समापन के दौरान ही बच्चों को प्रगति पत्रक भी दिया गया, बच्चे बहुत उत्साहित थे, कार्यक्रम में बच्चे, पालक, शिक्षक माताओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सभी का विषेश योगदान रहा। अंत में सभी की उपस्थिति और सहयोग के लिए आभार धन्यवाद प्रकट किया गया।

### मतदान दल के अधिकारी...

बताया कि प्रातः काल से मतदान शुरू करवाना है। मतदान के दौरान गर्मी से बचने के उपाय की जानकारी दी। उन्होंने मतदान प्रपत्रों को सही तरीके से भरने, ईडीसी मतदाताओं से मतदान कराने और उनका डाटा तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही महिला, दिव्यांग एवं बुजुर्गां को मतदान में प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने चुनावी प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यसन का प्रयोग प्रतिबंधित करने के संबंध में जानकारी दी और मतदान केंद्र में मोबाइल का उपयोग प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए साथ ही मतदान दल में बेहतर समन्वय रखने की बात कही।

### पुलिस की कांबिंग ...

द्वारा 02, धारा 110 सीआरपीसी के तहत थाना कुनकुरी 01 प्रकरण, थाना तपकरा द्वारा 01, धारा 151 के तहत कुनकुरी द्वारा 03, आबकारी एक्ट के 02, एवं एमव्ही एक्ट के 25 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। थाना कुनकुरी द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत 02 प्रकरण 1-नेल्सन कुजूर उम्र 31 साल निवासी गिनाबहार, 2-अमित किण्डो उम्र 44 साल निवासी हर्राडांड़ के तहत कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। बगीचा अनुविभाग के थाना बगीचा द्वारा 107, 116(3) के तहत-15, धारा 109 सीआरपीसी के तहत-05, धारा 151 जाफौ के तहत 01, आबकारी एक्ट के 02 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। साथ ही क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा बदमाशो की चेकिंग कर उन्हें थाना हाजिर के निर्देश दिये गये हैं। पत्थलगांव अनुविभाग के थाना पत्थलगांव द्वारा 107, 116(3) के तहत-12, थाना बागबहार द्वारा-05, थाना तुमला द्वारा 01, धारा 109 सीआरपीसी के तहत थाना पत्थलगांव बागबहार द्वारा 02-02 प्रकरण, धारा 110 सीआरपीसी के तहत चैकी कोतबा 01 प्रकरणों में कार्यवाही की गई है। आबकारी एक्ट के तहत थाना बागबहार द्वारा 01 प्रकरण में कार्यवाही की गई है। साथ ही क्षेत्र के निगरानी, गुण्डा बदमाश की चेकिंग कर उन्हें थाना हाजिर के निर्देष दिये गये हैं।





